
Patrika (Indore), 12th November 2016, Patrika Plus, Page – 01

# आईआईटी इंदौर का फोर्थ कन्वोकेशन आज

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ● देश के टॉप इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट में शुमार आईआईटी इंदौर का फोर्थ कन्वोकेशन शनिवार को आयोजित किया जाएगा। आईआईटी के सिमरौल कैम्पस में आयोजित इस समारोह में मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सेक्रेटरी प्रो. आशुतोष शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। कन्वोकेशन समारोह दोपहर 2.30 बजे शुरू होगा।

कार्यक्रम में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अक्षय शेवाटकर, साहिल मित्तल और विशाल जैन को बेस्ट बीटेक प्रोजेक्ट अवॉर्ड दिया जाएगा। इसके साथ ही कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के विकास रैनक को प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया मेडल से



सम्मानित किया जाएगा। बीटेक कोर्स में कम्प्यूटर साइंस की जूनीपर गुजराल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के पाटिल इशान अंकुर और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विक्रम वैदीराज कट्टी को सिल्वर मेडल दिया जाएगा। वहीं एमटेक कोर्स मैकेनिकल इंजीनियरिंग की प्रिया चौहान को सिल्वर मेडल दिया जाएगा।